## 14 मौतों के बाद अब दोषियों पर कार्यवाही की गाज गिरना शुरू, सीएम बोले नहीं बख्शे जाएंगे मौत के सौदागर

# दोषी डॉक्टर पर प्रशासन का शिकंजा, हुई FIR




हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा (मनीष गड़करी)

जिले के कोयलांचल क्षेत्र में मासूमों की मौत का का तांडव अभी थमा नहीं है। हर जुबान कारण तलाश रही है। क्षेत्र में तरह तरह की चर्चाएं गुस्सा मासूमों के परिजनों के प्रति संवेदना और इलाजरत मासूमों के लिए दुआओं का दौर जमकर चल रहा है। ऐसे में प्रशासन की लापरवाहियों को नजर अंदाज करना अब संभव नहीं है। प्रशासन की छोटी सी लापरवाही के दर्जन भर से ज्यादा घर उजड़ गए। माँ की गोद उजड़ने का दर्द बयां करने के लिए शब्द कम पड़ गए है। पीड़ित आज न्याय की गुहार जगह जगह कर रहे है वहीं दोषियों पर कार्यवाही की आस में लगे है ताकि कुछ हद तक मासूमों की मौत का प्राश्चित किया जा सके। सबसे बड़ी बात यह है कि 32 दिन पूर्व जब यह कांड प्रकाश में आया था। अगर तभी प्रशासन अलर्ट हो जाता तो मौत का आंकड़ा इतना भयावह तो नहीं होता।

बहरहाल प्रशासन जागा और दर्ज कर ली पहली एफआईआर दैत्यीय धनपिपासा की आपूर्ति की बेलगाम लालसा के कारण जिले के नौनिहालों की जान की दुश्मन बन बैठी दवा कंपनी और दवाओं को लिखने वाले डॉक्टर प्रवीण सोनी पर प्राथमिक रूप से कार्यवाही किए जाने की प्रक्रिया एफआईआर कर शुरू कर दी गई है जहां प्रवीण सोनी को हिरासत में ले लिया गया है वहीं दवा कंपनी के संचालक की गिरफ्तारी का इंतजार जिले की जनता को है। परन्तु इस सब कोलाहल के बीच जिले में तैनात ड्रग ऑफिसर्स और दवाओं की गुणवत्ता की सतत मॉनिटरिंग की तनख्वाह लेने वाले प्रदेश में ड्रग कंट्रोलर अभी तक कार्यवाही की जद से बाहर हैं।जानकारों की मानें तो यदि मामले की सही एवं उचित जांच कराई जाएगी तो डॉक्टर प्रवीण सोनी के द्वारा निजी क्लिनिक को अस्पताल तथा नर्सिंग होम के रूप में संचालित किया जा रहा था जिसपर भी जिम्मेदार स्वास्थ्य अधिकारी आंख मूंद कर बैठे थे, डॉक्टर प्रवीण सोनी द्वारा अपने जीवनकाल में शासकीय तनख्वाह लेकर कभी सरकारी अस्पताल में नजर नहीं आए और निजी क्लिनिक का उन्नयन कर नर्सिंग होम तथा अस्पताल की तर्ज पर संचालित किया जा रहा था।

इसीलिए इन्हें निजी प्रैक्टिस का लायसेंस देने वाले अधिकारी, डॉक्टर सोनी की प्रायवेट प्रैक्टिस पर संज्ञान ना लेने वाले जिले के सक्षम स्वास्थ्य अधिकारी इत्यादि भी जांच के दायरे से बच नहीं पाएंगे। खैर मामले में कार्यवाही करना प्रशासन का काम है और प्रशासन को नैतिकतापूर्वक संवेदनशीलता बरकरार रखते हुए ऐसी कार्यवाही करनी चाहिए जिससे आम जनमानस स्वयं को सुरक्षित महसूस करे। इस हेतु लापरवाह जिले एवं प्रदेश में दवाओं की मॉनिटरिंग करने वाले अधिकारी ड्रग ऑफिसर/कंट्रोलर पर भी कार्यवाही प्रस्तावित करने की नितांत आवश्यकता है।

डॉक्टर प्रवीण सोनी के इतिहास के बारे में अगर प्रशासन गहराई से तहकीकात करें तब यह निष्कर्षतः कह सकेंगे कि इस तरह के चिकित्सक मानव के भेष में दानव की भूमिका निभा रहे है। जिनकी फार्मो लाइन में ऐसी सेटिंग की कमीशन खोरी में पचास प्रतिशत से भी ज्यादा माल अंदर करने की ताकत रखते है। प्रवीण सोनी के बारे में ऐसा कहा जाता है कि वे जो दवाई लिखते है वह जिले के कुछ मेडिकल स्टोर्स में ही उपलब्ध होती है। खासकर इनकी पत्नी ज्योति सोनी के मेडिकल में यह दवाई मोटे कमीशन के साथ मिलती है और मनमाना दाम वसूला जाता है। डॉक्टरों को भगवान का दर्जा देने वाले आमजन जब इन पिशाची डॉक्टरों की हकीकत से रूबरू होंगे तो मानवता भी शर्मसार हो जाएगी... पर यह काला सच प्रशासन लाना ही नहीं चाहता।

अगर यह सच लाने की चाहत रखता तो सरकारी चिकित्सक निजी अस्पतालों में सेवाएं नहीं देते। जिला अस्पताल से मरीजों को निजी चिकित्सालय में रेफर करने का जो धंधा चिकित्सक जिले में कर रहे है उस पर लगाम न कसना भी इस कांड का जन्मदाता है। कोरोना काल में डॉक्टर्स की लापरवाही को नजरअंदाज करते हुए प्रशासन ने कोई बड़ा कदम नहीं उठाया। उसका नतीजा ही है कि आज यह धंधा अवैध रूप से फल फूल रहा है और उसी का परिणाम है कि आज 14 बच्चों की मौत के बाद कई बच्चे मौत की दहलीज पर खड़े है।

### मौत की मुख्य वजह जहरीला सिरप ही है। मप्र सरकार की रिपोर्ट में जहर की हुई पुष्टि

32 दिन बाद ही सही आखिरकार मप्र सरकार जागी और श्रीशन कंपनी की जांच में कफ सिरप में 48.6 प्रतिशत डायथाईलिन ग्वाइनकॉल मिला था। आम तौर पर इसे 0.1 प्रतिशत से अधिक नहीं मिलाया जा सकता। परंतु 48.6 प्रतिशत की मिलावट ने इसे बेहद जहरीला बना दिया। छिंदवाड़ा जिले में कफ सिरप से जान गंवाने वाले एक दर्जन से अधिक बच्चे परासिया तहसील के ही है। जिनका इलाज डॉक्टर प्रवीण सोनी ने किया था। श्रीशन कंपनी की दवाएं डॉक्टर द्वारा लिखी गई थी जिनके मुख्य स्टॉकिस्ट जबलपुर के राजपाल कटारिया है जिन्होंने 554 बोतलें छिंदवाडा भेजी थी और इनमें से 334 बोतले मेडिकल स्टोर में भेजी गई थी। जिसमें डॉक्टर सोनी के भतीजे राजेश सोनी के मेडिकल स्टोर से 300 कफ सिरप बेचे गए थे। डॉक्टर प्रवीण सोनी के खिलाफ एफआईआर तो की गई है और जांच जारी है। आरोपियों का आंकड़ा बढ़ने की पूरी संभावना है। अब देखना यह है कि प्रशासन कितने जिम्मेदार लोगों पर एफआईआर करता है। बच्चों की मौत के बाद परिजनों का दर्द बयां करने के लिए अब शब्द तो नहीं है। परंतु दोषियों पर कार्यवाही का मरहम भी तो जरूरी है। अगर प्रशासन दोषियों पर कड़ी कार्यवाही नहीं करता है तो मौत के इन दस्तावेजों का जवाबदार भी प्रशासन स्वयं होगा।




कोल्ड्रिफ सिरप बनाने वाली कंपनी पर भी एफआईआर की गाज गिरी है। छिंदवाड़ा के पुलिस कप्तान अजय पांडे ने बताया कि तमिलनाडु के कांचीपुरम स्थित मेसर्स श्रीशन फार्मो स्टुटिकल्स और दवा लिखने वाले शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर प्रवीण सोनी द्वारा परासिया बीएमओ डॉक्टर अंकित सल्लाम की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। परासिया थाने में बीएनएस की धारा 279 (एडलट्रेशन ऑफ ड्रग्स/औषधि का मिश्रण) धारा 105 (हत्या की कोटी में न आने वाले आपराधिक मानव वध) ड्रग्स एवं कौस्मेटिक एक्ट 1940 की धारा 27 ए (एडल्ट्रेट ड्रग्स का प्रयोग) किसी की मृत्यु हो जाए के तहत मामला दर्ज किया है। सिर्फ मोटे कमीशन के चक्कर में मौत की कहानी लिखने वाले डॉक्टर प्रवीण सोनी और दवाएं बेचने वाले मेडिकल स्टोर के संचालक राजेश सोनी के चलते मौत का यह आंकड़ा इतना भयावह हो गया। अगर औषधीय विभाग मेडिकल रिप्रेंटेटिव और चिकित्सक के बीच कमीशन का खेल नहीं होता या विभाग शिकंजा कसा होता तो आज मासूम हमारे बीच होते।

# परिजनों के बयान, डॉक्टरों का ज्ञापन

## बच्ची के शव का परीक्षण परासिया थाने में रही दिनभर गहमा - गहमी

**परासिया** :- किडनी फेलियर से मृत 10 बच्चों की घटना के बाद से परासिया शासन - प्रशासन और मीडिया के लिए केंद्र बिंदु बना हुआ है। रविवार को भी परासिया थाने में दिनभर गहमा - गहमी बनी रही। वहीं शनिवार रात डॉक्टर की गिरफ्तारी के विरोध में डॉक्टर और मेडिकल दुकान संचालकों ने ज्ञापन सौंपा तो वहीं प्रशासन के द्वारा किडनी फेलियर से मृत बच्ची योजिता केशव को कब्र से निकाल कर शव परीक्षण लगा रहा। इधर मृत बच्चों के परिजन अपने - अपने बयान दर्ज कराने परासिया थाने पहुंचे।रविवार को एक ओर जहां पूरे क्षेत्र में डॉ प्रवीण सोनी की गिरफ़्तारी को लेकर चर्चाएं रहीं तो वहीं दूसरी तरफ स्थानीय डॉक्टरों और मेडिकल स्टोर्स के संचालकों ने एसडीएम और एसडीओ (पुलिस) के नाम ज्ञापन सौंपा है। जिसमें उन्होंने डॉक्टर सोनी की गिरफ्तारी को गलत बताते हुए उनके खिलाफ की गई एफ आई आर को निरस्त करने और डॉक्टर को तुरंत रिहा करने की मांग रखी है। ऐसा नहीं करने पर मंगलवार 7 अक्टूबर को सुबह 8 बजे से अनिश्चित कालीन स्वास्थ्य सेवाएं बंद रखने की बात कही है। डॉ चंद्र प्रकाश ने कहा कि मामला दवा की खराबी से जुड़ा है। इसके लिए डॉ प्रवीण सोनी को गिरफ्तार किया जाना गलत है। डॉक्टर मनीष जैन ने कहा, कि डॉक्टर मरीजों को वही दवाएं लिखता है, जिसे सक्षम अधिकारियों के द्वारा अनुमति दी जाती। यदि दवा गलत है, तो इसके लिए निर्माता कंपनी जिम्मेदार है। ज्ञापन देने के दौरान डॉ चंद्रप्रकाश सिंह, डॉ एस एस ठाकुर, डॉ ए के नायक, डॉ मनीष जैन, डॉ अमित सिंह, डॉ हेमंत मेश्राम सहित दवा दुकान संचालक मौजूद रहे।



### परिजनों के बयान हुए दर्ज

किडनी फेलियर से परासिया विधानसभा क्षेत्र में हुई 10 बच्चों की मौत का मामला देश भर में गरमाया हुआ है। प्रदेश सरकार ने कोलड्रिफ और नेक्स्टरो डी एस सिरप पर बैन लगा दिया है, साथ ही दवा बनाने वाली कंपनी और इसे लिखने वाले डॉक्टर के खिलाफ मामला भी दर्ज किया गया है, जिसकी विस्तृत जांच के लिए किडनी फेलियर से मरने वाले सभी बच्चों को परासिया थाने बुलाया गया और उनके बयान दर्ज किए गए हैं।

### बच्ची का हुआ पोस्ट मार्टम



9 बच्चों की मौत तक किसी भी बच्चें का पोस्ट मार्टम नहीं होने पर जनप्रतिनिधियों और मिडिया द्वारा पोस्ट मार्टम करने की बात प्राथमिकता से उठाई गई। शनिवार को 4 वर्षीय योजिता की मौत होने के बाद परिजनों ने शनिवार को ही बड़कुही वार्ड 8 में स्तिथ मोक्षधाम में उसे दफना कर उसका अंतिम संस्कार किया। जिसे रविवार सुबह तहसीलदार और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में कब्र से निकाला गया और छिंदवाड़ा अस्पताल में पोस्ट मार्टम किया गया, ताकि बच्चों की मौत के सही और सटीक कारणों का पता लगाया जा सके।

# गुम हुई नाबालिग को परिजनों को सौंपा

## सिंगोड़ी पुलिस की अहम भूमिका, एक अक्टूबर से गायब हुई थी नाबालिग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

सिंगोड़ी बस स्टैंड में 1 अक्टूबर की मध्य रात्रि को एक मानसिक रूप से अर्ध विक्षिप्त बालिका उम्र लगभग 14 वर्ष घूमते हुए मिली जो स्वयं के नाम पता की सही जानकारी नहीं दे पा रही थी। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में नाबालिक अर्ध विक्षिप्त बालिका की पता तलाश पूरी गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ की गई, जो उक्त बालिका के बारे में सूचना प्राप्त हुई कि वह ग्राम मट्ठा, थाना रेहटी, जिला सीहोर की रहने वाली है।बालिका के परिजनों से संपर्क कर परिजनों के सपुर्द किया गया जो बालिका अपने गृह ग्राम सुरक्षित पहुंच चुकी है।

### इनकी रही भूमिका

निरीक्षक राजेंद्र धुर्वे, उप निरीक्षक पंकज राय, सउनि राजकुमार सनोडिया, प्रधान आरक्षक इंद्रजीत ठाकुर, आरक्षक पियूष, आरक्षक सूरज, आरक्षक गुरमुख, महिला आरक्षक दिव्या शामिल है।

## शताब्दी वर्ष पर स्वयं सेवकों किया पथ संचलन

**सौंसर।** रविवार को नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से शताब्दी वर्ष पर पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।सौ वर्ष पूर्व होने पर शहर के कोने-कोने से सैकडों स्वयंसेवक पारंपरिक गणवेष में उपस्थित रहे। उनकी असुसंगठित पंक्तियाँ, दृढ कदमताल और देशभक्ति से ओतप्रोत नारे पूरे षहर में उत्साह और गर्व का वातावरण निर्मित कर रहे थे। पथ संचलन के दौरान स्वयंसेवको के उपर पुष्पवर्षाव कर स्वागत किया गया। भारत माता की जय, वंदे मातरम और जय श्री राम के जयघोष से पूरा सौसर देशभक्ति की भावना में डूब गया। कबीर सोसायटी, गजानन कॉलोनी, वषुंधरा पेट्रोल, गोल बाजार में स्वयं सेवकों को प्रमुख वक्ता एड नीरज पुरी, विनोद विष्वकर्मा, अजय चौरागडे, रविषंकर कहार ने कहा कि, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का उद्येष्य राष्ट्रसेवा, चरित्र निर्माण और समाज में एकता की भावना विकसित करना है। पथ संचलन संघ की अनुशासनप्रियता, आतम्नियंत्रण और संगठित कार्यषैली का सजीव प्रतीक है। राष्ट्र की उन्नति केवल नारो से नही बल्कि अनुशासित जीवन और निस्वार्थ सेवा से होती है। स्वयंसेवक समाज के हर वर्ग में सद्भाव, सेवा और संगठन का संदेष लेकर चलता है। नाग मंदिर चौक में संघ गीत और प्रार्थना के साथ समापन हुआ।

### गंगा जल संवर्धन अभियान के तहत पेयजल स्रोतों को बचाने के बजाए मिटाया जा रहा है

# ठेकेदार द्वारा पेयजल आपूर्ति करने वाले कुएं को जमींदोज करने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया



तामिया में निर्माणाधीन संदीपनी स्कूल बनाने वाले ठेकेदार की मनमानी एवं हठ धर्मिता निर्माण के शुरुआत से ही लगातार देखने मिल रही है। ऐसा इसलिए हो पा रहा है। कि यहां के प्राचार्य एवं सहायक आयुक्त का अघोषित संरक्षण ठेकेदार को जो मिला हुआ है। इसी के बलबूते उन्होंने अनुमति कीआड में आम के फलदार पेड़ काट चुके हैं। वही खेल परिसर के आवासीय 100 छात्रों के लिए खेल मैदान पर अधिकारियों के संरक्षण में अपना कंक्रीट प्लांट लगाकर खिलाड़ियों को खेल से वंचित कर रखा है। इसके बाद उन्होंने कबड्डी एवं खो-खो के मैदान पर लोहा एवं खुदाई में निकली मिट्टी पटक कर इन मैदाने को भी खेलने लायक नहीं छोड़ा, वही बैडमिंटन हॉल के सामने महुआ के वनोंपज देने वाले पेड़ भी काट चुके हैं। इसके बाद ठेकेदार की मनमानी पेयजल स्त्रोत को बर्बाद करने में भी देखने मिल रही है। इसी खेल मैदान के पास वर्षों पुराना कुआं जो स्कूल के छात्रों एवं खेल परिसर के खिलाड़ियों के दैनिक उपयोग के लिए उपयोग में आता था। पीएचई द्वारा लगाए गए हैंडपंप से पानी उपलब्ध करवाता था, लेकिन अब यह कुआं ठेकेदार की मनमानी एवं अधिकारियों के मौन के चलते अब जमीदोज किया जा रहा है, जबकि केंद्र सरकार गंगा जल संवर्धन अभियान चला कर प्राकृतिक जल स्त्रोत एवं पुराने कुएं बावड़ी को पूर्ण जीवित करने अभियान चला रही है, लेकिन इस अभियान के एकदम उलट ठेकेदार यदि प्राचीन जल स्त्रोत को नष्ट करें तो इससे बड़ा दुर्भाग्य इस गंगाजल संवर्धन अभियान शायद देश में कहीं नहीं होगा, लेकिन अब ऐसा लगता है कि ठेकेदार ने ठाना है कि इस कुएं को जमीदोज कर पुनर्जीवित होने लायक नहीं छोड़ना है। इसीलिए इस कुएं में बड़ी-बड़ी चट्टानें डाली जा रही हैं जो किसी भी जेसीब मशीन से नहीं निकाली जा सकती क्योंकि इस कुएं का आयतन निश्चित है। इस तरह ठेकेदार ने अपने कर्मचारियों के माध्यम से न जाने किस उद्देश्य से स्कूल को जमीदोज करने की ठानी है। यह आम जनता की समझ से एकदम परे है। यदि शीघ्र ही इस पेयजल स्त्रोत को नहीं बचाया गया तो यह केवल पंचायत एवं पटवारी के रिकॉर्ड तक सीमित रह जाएगा।

जब इस कुएं को मिटाये जाने के बारे में प्राचार्य से संपर्क किया गया तो संपर्क नहीं होने के कारण उनका इस संबंध में पक्ष नहीं मिल पाया है वहीं पंचायत सचिव जगत शा तेकाम से मोबाइल पर संपर्क किया तो उन्होंने मोबाइल ऑपरेट नहीं किया इस तरह उनका भी विपक्ष नहीं मिल सका।

### कलाकारों ने दी शानदार प्रस्तुति, श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध

# विशाल देवी जागरण में झूमे श्रद्धालु



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

नगर के समीपस्थ ग्राम कोहलिया में विशाल देवी जागरण का आयोजन किया गया, जिसमे जय मां भवानी जागरण ग्रुप जुन्नारदेव के कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक देवी भजनों की प्रस्तुति दी गई। भजन गायिका रंजना डेहरिया द्वारा गाए गए भजन लाल चुनरिया कैसे चढ़ाऊ, तोरे लाने मैया तोरे लाने, नाचे छमा छम काली में श्रोतागण जमकर थिरके, भजन गायिका भारती यादव द्वारा दुल्हनिया रे दुल्हनिया रे, लट खोल के नाचो मेरी मां देवी जस पर श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। ग्रुप के संचालक धर्मेंद्र मालवी द्वारा नवराते नौ दिन माई विसर्जन मां चली में श्रोता भावविभोर हो उठे। भजन गायक निखलेश सोनी एवं चमन नागले द्वारा खाटू श्याम भजनों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में अन्य कलाकार रवि वर्मा, राजदीप कुलदीप, संतोष यादव, प्रदीप यादव, रवि चौकसे उपस्थित रहे। जागरण के दौरान वंश विश्वकर्मा एवं वैष्णवी विश्वकर्मा द्वारा प्रस्तुत माता दुर्गा, हनुमान जी, भगवान भोलेनाथ, माता महाकाली की झाकियां आकर्षण का केंद्र रही।

### शील्ड देकर छात्रों और स्वच्छता कर्मियों को किया सम्मानित

**बड़कुही / परासिया :** शासन के निर्देशानुसार स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान अंतर्गत दिनांक 17/09/2025 से 02/10/2025 तक स्वच्छता से संबंधित विभिन्न प्रकार की गतिविधियाँ नगर परिषद बडकुही द्वारा की गई। जिसके अंतर्गत निकाय द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित कर स्वच्छता ही सेवा अभियान में सहयोग करने वाले सफाई मित्र, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं स्कूलों में स्वच्छता प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष भरत डेहरिया, उपाध्यक्ष हरिप्रसाद यदुवंशी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी राहुल कौरव, गोपाल राव संभारे, निसार अहमद, शहजाद खान, सुभम कठौते, प्रभारी प्राचार्य संध्या दलाल, शिक्षकगण मुख्य रुप से उपस्थित हुए। कार्यक्रम में मंच संचालन गोपाल चौरसिया द्वारा किया गया।



# जिला जेल में महिला बंदियों के लिए किया आयोजन

**छिंदवाड़ा।** जीव रक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण के साथ स्वास्थ, शिक्षा एवं विविध अनुष्ठानों के माध्यम से भारत माता की सेवा करने वाली सामाजिक संस्था इनरव्हील क्लब ने जिला जेल छिंदवाड़ा में महिला बंदियों के लिए सुंदर आयोजन कर सभी का मन जीत लिया।सुंदर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिक निगम स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन विशेष रूप से सम्मिलित हुए जिनके साथ जेल अधीक्षक प्रतीक जैन, उप अधीक्षक ज्ञानाशु भारती उपस्थित रहे जिनका क्लब अध्यक्ष श्वेता पाटनी घई ने पौधा भेंट कर अभिनंदन किया।कार्यक्रम का शुभारंभ इतनी शक्ति हमें देना दाता - मन का विश्वास कमजोर हो न मंगलगान से हुआ जिसे जेल प्रबंधन, महिला बंदियों सहित क्लब मेंबर ने दोहराया ओर भारत माता की जय घोष एवं वन्दे मातरम का नारा लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।जिसमें मोटिवेशनल स्पीकर स्मिता गंगराडे सहित दीपक राज जैन ने सुंदर उदबोधन देकर बंदियों को अपराध बोध कराया और भविष्य में कभी भी अपराध न करने का संकल्प दिलाया। सुंदर आयोजन के लिए जेल प्रबंधन ने इनरव्हील क्लब का आभार व्यक्त किया।इनकी रही विशेष उपस्थित -कार्यक्रम में इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष श्वेता पाटनी घई, सचिव रोहणी मेमन, राखी गुप्ता, मधु खंडेलवाल, सीमा गुगनानी, पूजा खंडेलवाल, प्राची चड्ढा, माही खंडेलवाल, चांदनी पाटनी, हिना पाटनी, जूली पाटनी उपस्थित रही ओर सभी ने सेवा भाव से सुंदर प्रोजेक्ट को सम्पन्न कराया।



# संयुक्त संचालक ने की शिक्षा विभाग की समीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

कल सांदीपनी विद्यालय पांढुर्ना में लोक शिक्षण संचालनालय जबलपुर के संयुक्त संचालक अरूण इंगले ने शिक्षा विभाग पांढुर्ना की समीक्षा बैठक ली। इसमें सौंसर और पांढुर्ना के सभी संकुल प्राचार्य तथा हाइस्कुल प्राचार्यगण उपस्थित रहे। संयुक्त संचालक द्वारा सभी प्राचार्यों को आगामी वर्ष में परीक्षाफल को बेहतर बनाने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। इसके अलावा विभाग में चल रही गतिविधियों जैसे पाठ्यपुस्तक, साइकिल, लैपटॉप, स्कूटी वितरण, सीएम हेल्पलाईन, एमपी टॉस, समेकित छात्रवृत्ति आदि को अपडेट करने हेतु दिनर्देश दिए गए। आगामी 12 माह में रिटायर होनेवाले शिक्षक एवं कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण अभी से अपडेट करने निर्देशित किया गया। इसके बाद सभी शाला प्राचार्यों की समस्याओं को सुना गया और उसके निराकरण हेतु आश्वस्त किया गया। बैठक में विकासखंड शिक्षाधिकारी पांढुर्ना हरिभाऊ हांडे, सौंसर बीईओ भास्कर गावंडे, सांदीपनी विद्यालय प्राचार्य सीएस बरेठ, शैलजा बतरा, संकुल प्राचार्य संजय मलिक, संजय आठनेरे, विजय धुरडे, आलिया अली के अलावा अन्य उपस्थित थे।

### युवा उत्सव, पीएम श्री कॉलेज में हुई बैठक

**पांढुर्ना।** आज यहां प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सिलेंस में प्राचार्य डॉ. शहनाज खान की अध्यक्षता में जिलास्तरीय युवा उत्वस समिति की गतिविधियों के संचालन के उद्देश्य से बैठक संपन्न हुई। बैठक में पांढुर्ना जिले के समस्त महाविद्यालयों के प्राचार्य, युवा उत्सव प्रभारी तथा महाविद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा। इस अवसर पर युवा उत्सव के विधाओं के आयोजन की तिथि तथा आयोजन स्थल आमसहमति से तय किए गए। इसके अलावा विधाओं के विषय भारतीय ज्ञान परंपरा के आधार पर शासन की मंशानुसार चुने गए। साहित्यिक पक्ष की विधाएं शासकीय महाविद्यालय लोधिखेडा को, रूपांकन पक्ष की विधाएं शासकीय महाविद्यालय सौंसर को, सांगीतिक पक्ष की विधाएं कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय पांढुर्ना को तथा सांस्कृतिक पक्ष की विधाएं युनिवर्सल गर्ल्स कॉलेज पांढुर्ना को सौंपी गई। इस बैठक में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.डीएस बिसेन, डॉ. हर्षलता सोनटक्के, युवा उत्सव प्रभारी डॉ. ललिता धुर्वे, डॉ. शैलेंद्र डेहरिया, डॉ. इंदु टांडेकर, प्रांजलि येरपुडे, रूपेश सवाई, प्रकाश कुसराम, श्री डिगरसे, राजपाल घोडे, किशोर पराडकर, प्रजेंद्र रघुवंशी तथा भोजराज कराले उपस्थित रहे।



# महात्मा गांधी की जन्मजयंती पर नशा मुक्ति कार्यक्रम आयोजित

**छिंदवाड़ा।** माय भारत छिंदवाड़ा (युवा कार्यक्रम एवम खेल मंत्रालय भारत सरकार)के तत्वावधान एवं कुकड़ा ग्राम उत्थान समिति के स्थानीय सहयोग से महात्मा गांधी जी की जन्म जयंती बिछूआ विकास खंड के सनराईज पब्लिक स्कूल परिसर मे जिला युवा अधिकारी सुषमा गवली एवं लेखा एवं कार्यक्रम पर्यवेक्षक सी आर जंघेला के निर्देशन पर गांधी जयंती मनाई, कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा गांधी जी की छाया चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस आवसर पर मुख्य अतिथि नगर परिषद के उपाध्यक्ष मंगेश दुबे ने महात्मा गांधी जी के संदेशों को जन जन तक पहुंचाकर अहिंसा के रास्ते पर चलने का ओर नशे से दूर रहने का आव्हान उपस्थित युवाओं से करते हुये नशे से दूर रेहने की दिलाई शपथ। विशेष अतिथि सनराईज स्कूल के संचालक सुनील चौरागड़े ने कहा की गांधी जी विचारों मे बुरा मत बोलो, बुरा मत सुनो, बुरा मत देखो की कहावत को चरितार्थ करने हम सभी युवा संकल्प ले। इस अवसर पर कुकड़ा ग्राम उत्थान समिति के संयोजक श्यामलराव ने उपस्थित युवाओं को बताया की नशीले पदार्थों का सेवन एक सामाजिक बुराई के रूप मे फैल रही है, जो व्यक्ति को धीरे से अपने शिकंजों में जकड़ लेती है तथा उसको शारीरिक एवं मानसिक रूप से बीमार बना देता है। नशा करने वाले व्यक्ति का पूरा परिवार बिखर जाता है साथ ही बच्चो की शिक्षा व प्रगति रुक जाती है। नशे की लत से दूर रखने के लिए उपस्थित युवाओं से कहा कि वे अपने- क्षेत्र को नशा से मुक्त करने एवं नशीले पदार्थों से दूर रखने की सलाह दी।समाजसेवी पूर्वा मिनोटे ने कहा की आज युवाओं के साथ महिला व पुरूषो मे भी नशे का सेवन करने की प्रवृति दिनो दिन बढ़ रही हे जिसके कारण लोगो को केंसर जैसे गंभीर बीमारी का सामना करना पड़ रहा है।

# दमुआ कॉलेज में महात्मा गांधी एवं लाल बहादूर शास्त्री जयंती पर दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

शासकीय महाविद्यालय दमुआ में 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ गांधी जी की प्रतिमा पर रश्मि दास प्राचार्य, द्वारा पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर गांधी जी के सत्य, अहिंसा और नैतिक मूल्यों तथा शास्त्री जी के ₹जय जवान, जय किसान₹ के नारे की प्रासंगिकता पर विचार व्यक्त किए गए। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि इन दोनों महान नेताओं के आदर्श आज भी समाज और राष्ट्र के लिए मार्गदर्शक हैं। स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी राजकुमार कुशवाहा कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। समस्त महाविद्यालयीन स्टाफ उपस्थित रहा।

### भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत नवरात्रि पर्व पर प्रेरणादायक आयोजन

**दमुआ।** शासकीय महाविद्यालय दमुआ में भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को नवरात्रि के सांस्कृतिक, आध्यात्मिक एवं शैक्षणिक महत्व से अवगत कराया गया। वक्ताओं ने कहा कि नवरात्रि केवल देवी उपासना का पर्व नहीं है, बल्कि यह आत्मबल, अनुशासन, साधना और आत्मविश्वास का प्रतीक है। भारतीय ज्ञान परंपरा में मां दुर्गा को विद्या, शक्ति और प्रेरणा की अधिष्ठात्री माना गया है। विद्यार्थियों को अपने जीवन में परिश्रम, सकारात्मक सोच और नैतिक मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं और 'शक्ति, साधना और सफलता' विषय पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती रश्मि दास तथा जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष दिलीप गोहे विशेष रूप से उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में प्राचार्य श्रीमती रश्मि दास ने कहा कि नवरात्रि हमें यह शिक्षा देती है कि कठिनाइयों से जूझकर ही विजय प्राप्त होती है, वहीं अध्यक्ष दिलीप गोहे ने विद्यार्थियों को अपनी ऊर्जा और क्षमता का सदुपयोग कर समाज एवं राष्ट्र के उत्थान हेतु कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन संकाय सदस्यों द्वारा किया गया तथा छात्र-छात्राओं की सक्रिय भागीदारी ने वातावरण को प्रेरणादायी और उत्साहपूर्ण बना दिया।



### सांसद विवेक बंटी साहू का दमुआ नगर आगमन होने पर सौंपा ज्ञापन

**दमुआ।** गत दिवस छिन्दवाडा सांसद का दमुआ नगर आगमन पर होने पर दमुआ पुराना बस स्टेण्ड क्षेत्र के युवा व्यापारी भाईयों ने विभिन्न प्रकार की समस्याओं जिसमें दमुआ को पूर्ण तहसील का दर्जा, दमुआ को विकासखण्ड विधान सभा का दर्जा जैसे दमुआ क्षेत्र के ज्वलंत मुद्दे, रोजगार, उद्योग, नई खदाने, पूर्व मे बंदी हुई तानसी खदान को पुनः खुलवाने एवं स्थानान्तरण हुए कर्मचारियो को पुनः वापस लाने जैसे मुद्दो को लेकर ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि ज्वलंत समस्याओं का शीघ्रता से समाधान किया जावे तथा सांसद महोदय को उनके पुराने वादे को याद दिलवाया गया कि चुनाव जीतने के बाद नई कोयला खदाने खुलवाने, रोजगार के नये साधन उपलब्ध कराने की बात कही गई थी। उक्त अवसर पर बडी संख्या में युवा व्यापारी बंधी, पत्रकारणगण दुर्गासिंह राजपूत, गुलाब वरवडे, हेमराज गाठे, राकेश खातकर, सोनू डेहरिया, जुबेर रिजवी के साथ साथ भारी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।



### काली काली गीत पर झूमे श्रद्धालु

# नरोड़ी में देवी जागरण का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत नरोड़ी में देवी जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जय श्री राम देवी जागरण ग्रुप सिवनी जबलपुर के कलाकारों ने ग्रामीणों व भक्तों को अपने भजनों व गीतों से भक्ति भाव में डुबो दिया।



कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्जवलन से हुई और ग्राम के कई बुजुर्ग अतिथियों का पुष्प माला एवं पुष्प गुच्छ से स्वागत समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा किया गया। उसके बाद जय श्री राम देवी जागरण ग्रुप के कलाकारों ने भक्ति गीतों की प्रस्तुति प्रारंभ की। देवी जागरण का प्रारंभ मां भवानी की आरती के बाद गणेश वंदना की प्रस्तुति से किया गया। जिसमें कलाकारों द्वारा शिव गौरा के प्यारे गणेश जी, आओ अंगना पधारो गणेश जी भजन गाया। जय श्री राम देवी जागरण ग्रुप के गायक ने गणेश वंदना पर खूबसूरत नृत्य प्रस्तुत किया, जिससे दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए।

जागरण की विशेष प्रस्तुति में मेरी बिगड़ी बना दे ऐ शेरो वाली मैया भजन पर श्रद्धालु भावविभोर होकर गायक के साथ गाने लगे। देवी जागरण पर श्रद्धालु ग्रामीणों को भक्ति भाव में डूबने का अद्भुत अवसर मिला। रात भर चले इस आयोजन में भजनों की प्रस्तुतियों ने भक्तों को पूरी तरह मोहित कर दिया। मां शेरावाली के जयकारों और भजनों से गूंजते माहौल में श्रद्धालु भाव विभोर होकर माता के गीतों पर झूमते रहे।

भक्ति गीतों के बीच मॉ काली के जीवंत अवतार ने खप्पर में आग को रखकर मनमोहक नृत्य किया। जिसे देखकर श्रद्धालु भाव विभोर होकर नृत्य करते हुए देखे गए। कार्यक्रम का संचालन दशहरा उत्सव समिति ने किया। कार्यक्रम का समापन भक्तिपूर्ण वातावरण में हुआ, जिसमें सभी उपस्थित जनों ने देवी मां का आशीर्वाद प्राप्त किया।

### घटना मे शिक्षक लंकेश नगपुरे की मृत्यू दो गंभीर रूप से घायल

# लांजी-आमगांव मार्ग पर कारंजा मे दो मोटर सायकल की जबरदस्त भिडंत

हरिभूमि न्यूज लांजी।



लांजी आमगांव मार्ग पर ग्राम कारंजा पेट्रोल पंप पर 5 अक्टूबर को एक हृदय विदारक हादसा घटित हुआ जहां एक शासकीय शिक्षक की घटना में मृत्यू हो गई तो वहीं दो बाईक सवार गंभीर रूप से घायल हो गये है जिन्हे जिला अस्पताल रिफर किया गया है। घटना के संबध में प्राप्त जानकारी के अनुसार 5 अक्टूबर को ग्राम बापड़ी निवासी लंकेश नगपुरे उम्र 38 वर्ष निवासी बापड़ी अपने साथी राधेश्याम नगपुरे उम्र 42 वर्ष निवासी बापड़ी के साथ अपने वाहन क्रमांक एमपी 50 एमएम 6931 से आमगांव की ओर जा रहे जैसे दोनो लगभग 11 बजे कारंजा पेट्रोल पंप के सामने पंहुचे तो सामने की ओर भुपेन्द्र पिता शंकर लाल नेवारे उम्र 32 वर्ष निवासी लोहारा अपनी मोटर सायकल क्रमांक एमपी 50 एम ए 7520 एचएफ डीनक्स से आमगांव से लांजी की ओर आ रहा था जैसे ही कारंजा पेट्रोल पंप के पास दोनो ही वाहन पंहुचे आपस मे वाहनो की जबरदस्त भिडंत हो गई जिसमें मोटर सायकल सवार लंकेश नगपुरे को सर मे बुरी तरह चोट आने से घटना स्थल पर ही लंकेश नगपुरे की मृत्यु हो गई। वही राधेश्याम नगपुरे तथा दुसरी मोटर सायकल में सवार भूपेन्द्र नेवारे को भी गंभीर चोटे आई है जिसका पैर टूटना बताया गया है। स्थानीय लोगो के द्वारा तुरंत ही एंबुलेंस की सहायता से घायल्लो सिविल अस्पताल लांजी लाया गया जहां उपस्थित डाक्टर्स एवं स्टाफ के द्वारा प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रिफर किया गया तथा उक्त घटना की सूचना अस्पताल तहरीर के माध्यम से पुलिस थाना लांजी को दी गई।

### गाईडों को दिलाई गई दीक्षा व प्रतिज्ञा

# मेंडकी में मनाया गया स्काऊट/गाईड कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेण्डकी में गांधी जयंती के साथ साथ स्काउट/गाइड कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर गाइड केप्टन उमा मार्को द्वारा संस्था प्राचार्य श्रीमती नंदा रंगारी की अध्यक्षता में सर्वधर्म प्रार्थना कराई गई। उसके बाद रानी लक्ष्मीबाई कंपनी में प्रवेशिका गाइडों का प्रवेश का पाठ्यक्रम पूर्ण होने के बाद उन्हें दीक्षा दिलाई गई, गाइडों ने प्रतिज्ञा पूरी की। संस्था प्राचार्य श्रीमती रंगारी द्वारा सभी को स्कार्फ पहना कर मिठी बिस्कुट खिलाई गई। गाइडों को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने कहा कि आज से आप एक अच्छे सुनागरिक बनेंगे, स्काउटिंग/गाइडिंग में सभी बच्चे आगे तक जाएंगे, समय समय पर अच्छे कार्य करेंगे, स्काउटिंग की गतिविधियों में शामिल होकर स्वयं सहभागिता करेंगे।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंडला समनापुर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ राजेश बोरकर, पूर्व प्राचार्य प्रतिभा गौतम, महेश मसखरे, श्रीमती अनिता डोंगरे, योगिता डोंगरे, शीला बोरकर, दामेश्वरी बिसेन, सविता राहंगडाले, कुलदीप बिसेन, सोनवाने सर, गजभिए सर, राजू भैया व समस्त स्टाफ शामिल हुआ।

### रामनगर में मुस्लिम परिवार ने भक्तों को बांटी महाप्रसाद

# नम आंखों से माता रानी की प्रतिमाओं को दी गई विदाई



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** शारदीय नवरात्र की संपन्नता के साथ ही शुक्रवार की सुबह नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन का क्रम आरंभ हुआ जो शुक्रवार की देर रात यानी 12 बजे के बाद तक चलता रहा. नगर में आधा दर्जन से अधिक पूजा समितियों की प्रतिमाओं को भक्तों ने सजल नेत्रों से विदा किया. नगर के प्रत्येक गली-चौराहे से होकर निकले जुलूस में डीजे की गूंज, अबीर-गुलाल और जयकारों की गूंज के बीच भक्तजन मां भगवती की प्रतिमा के साथ भावभीनी विदाई देते हुए विसर्जन स्थल बड़ा तालाब तक पहुंचे. भक्तों ने मां से अगले वर्ष पुनः आने का आह्वान किया. नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए प्रतिमाओं का जुलूस जब-जब निकला, लोग छतों और गलियों से दर्शन कर मां के चरणों में श्रद्धा अर्पित करते रहे. पूजा समितियों के तत्वावधान में सजे-धजे जुलूस में जहां मां के जयघोष गूंज रहे थे वहीं युवाओं और बच्चों में नृत्य और उल्लास का उत्साह देखते ही बनता था. गांधी चौक, छतेरा रोड, उत्कृष्ट स्कूल के सामने, काली माता मंदिर, कहारी मोहल्ला, पुराना रेलवे स्टेशन समेत अन्य मोहल्लों से निकली प्रतिमाओं का विसर्जन नगर के बड़े तालाब में प्रशासन की मौजूदगी में क्रमवार रूप से किया गया. यहां भारी भीड़ उमड़ी और हर विसर्जन के साथ भक्तों के नयन भर आते।

**हिन्दू-मुस्लिम एकता की दिखी मिसाल:** नवरात्रि के पावन पर्व की समाप्ति पर कटंगी शहर से सटे ग्राम रामनगर में दो समुदायों के बीच प्रेम, सद्भाव और भाईचारे को बढ़ावा देने वाली एक महत्वपूर्ण घटना मिसाल के तौर पर सामने आई है. वैसे तो यहां लोग एक-दूसरे के रीति-रिवाजों और त्योहारों में शामिल होते हैं। लेकिन त्यौहारों में शिरकत के अलावा खास बात यह है कि यहां के अशरफ मेमन और उनके पुत्र सलमान मेमन करीब 10 वर्षों से नवरात्रि पर निकलने वाले जुलूस के दौरान महाप्रसादी का आयोजन करवाते है. अशरफ मुस्लिम परिवार के मुखिया है. रामनगर में हिन्दू-मुस्लिम परिवार आपस में बेहद ही भाईचारा बनाकर रहते है.यहां सभी त्यौहारों में कौमी एकता की अनोखी मिसाल देखने को मिलती. यहां का मुस्लिम परिवार देवी भक्तों के लिए महाप्रसादी का आयोजन करवाता है. जिसका ना सिर्फ देवी भक्त बल्कि पूरे गांव के लोग लाभ लेते है. अशरफ मेमन बीते 10 वर्षों से निरंतर माता रानी की विदाई के लिए महाप्रसादी का आयोजन करवाते है।

**05 दिनों तक हुआ विशाल भंडारे का आयोजनः** कटंगी शहर के तमाम दुर्गा पंडालों में नवरात्रि के मौके पर महाप्रसादी का आयोजन करवाया गया. शहर के छतेरा रोड़ स्थित स्थित माता रानी के दर्शन के लिए आने वाले धर्मप्रेमियों और दर्शनार्थियों के लिए बस स्टेंड के नजदीक नगर की महारानी मां शीतला और मां शारदा के आशीर्वाद से महाप्रसादी का आयोजन करवाया गया. पंचमी के दिन से महाप्रसादी की शुरुआत हुई जो दशहरा तक जारी रहा।

### वरिष्ठ वकील मूलचंद शम्भरकर का निधन

**वारासिवनी।** नगर के वयोवृद्ध प्रसिद्ध वकील मूलचंद शम्भरकर का नागपूर में उपचार के दौरान 3 अक्टूबर की दोपहर लगभग 12 बजे आकस्मिक देहावसान गया। वे विद्वान बहुजन चिंतक, विचारक, लोकसभा/ विधानसभा के कई बार चुनावों के प्रत्याशी भी रहे है। उन्होंने क्षेत्र के बिड़ी कामगारों के लिए लम्बे समय तक लडक़र उन्हें उनका वाजिब हक दिलवाया। वे वारासिवनी व्यवहार न्यायालय के अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष भी रह चुके है। विद्वान वकील श्री शम्भरकर द्वारा कई यादगार मुकदमे लड़े गए एवं जीते गए। उनके परिवार में उनकी पत्नी, तीन विवाहित बेटियां है। उनकी अंतिम यात्रा उनके वार्ड नम्बर 3 में स्थित निवास स्थान से बुधवार 4 अक्टूबर को निकाली गई।उनकी अंतिम यात्रा में नगर के सैकड़ों लोगों ने शामिल होकर उन्हें अश्रुपूर्ण आदरांजलि अर्पित की।



### निर्माण इंस्टीट्यूट ऑफ कंप्यूटर टेक्नोलॉजी द्वारा शिक्षकों का सम्मान

# शासकीय महाविद्यालय लांजी में मनाया गया विश्व शिक्षक दिवस



हरिभूमि न्यूज लांजी।

शासकीय महाविद्यालय लांजी में विश्व शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया है। विश्व शिक्षक दिवस हर साल 5 अक्टूबर को मनाया जाता है, जो शिक्षकों के अमूल्य योगदान और समर्पण को सम्मानित करने के लिए होता है। इस दिन छात्रों को अपने गुरुओं के प्रति आभार व्यक्त करने का अवसर मिलता है। यह दिन शिक्षकों के समर्पण, ज्ञान और प्रेरणादायक भूमिका को मान्यता देता है। इसी तारतम में लांजी शहर में संचालित निर्माण इंस्टीट्यूट ऑफ कंप्यूटर टेक्नोलॉजी के द्वारा शासकीय महाविद्यालय लांजी में विश्व शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षकों का सम्मान किया। इस अवसर पर प्राचार्य रेवाराम सोनवाने जी एवं अन्य विद्वानों को शाल ओढ़ाकर, श्रीफल एवं पेन-डायरी प्रदान कर सम्मानित किया गया।

#### शिक्षकों के योगदान का सम्मान

विश्व शिक्षक दिवस के अवसर पर निर्माण इंस्टीट्यूट ऑफ कंप्यूटर टेक्नोलॉजी ने लांजी क्षेत्र के सभी विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने में सतत लगे हुए विद्वान, अतिथि विद्वान एवं अन्य महाविधालयीन कर्मचारियों का सम्मान किया। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्यों ने शिक्षकों के योगदान की सराहना की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

#### यूनेस्को द्वारा की गई थी इस दिन की शुरुआत

विश्व शिक्षक दिवस की शुरुआत यूनेस्को द्वारा 1994 में की गई थी, जिसका उद्देश्य दुनिया भर के शिक्षकों को उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित करना और उनकी स्थिति में सुधार लाना है। इस अवसर पर निर्माण इंस्टीट्यूट ऑफ कंप्यूटर टेक्नोलॉजी ने शिक्षकों के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त किया।

**खबर संक्षेप**

## कांग्रेस ने की प्रभारीं पर्यवेक्षकों की नियुक्ति

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार संगठन सृजन अभियान के अन्तर्गत जिला प्रभारी सोहन वाल्मीकि की सहमति से जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी द्वारा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षो एवं जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियो के मनोनयन की प्रक्रिया को सम्पन्न कराने हेतु विधानसभा वार प्रभारीं (पर्यवेक्षको) की नियुक्ति की गई है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी ने सभी नियुक्त प्रभारी गणो को निर्देशित किया है कि आपने-अपने प्रभार वाले विधानसभा क्षेत्र के समस्त ब्लाको में पंहुचकर विधायक एवं समस्त कांग्रेस जनों से समन्वय स्थापित कर आम सहमति के आधार पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षो एवं जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियो के मनोनयन की प्रक्रिया के लिए प्रस्तावित नामो की सहमति हेतु बैठको में हस्ताक्षर युक्त कार्यवाही की रिपोर्ट 7 दिवस के भीतर जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी को प्रस्तुत करें, ताकि अ.भा.कांग्रेस एवं म.प्र. कांग्रेस की मंशानुसार संगठन सृजन हेतु तय समय सीमा में मनोनयन की प्रक्रिया पूर्ण की जा सकें। विधानसभा वार नियुक्त प्रभारियों के नाम इस प्रकार है। बरघाट विधानसभा हेतु आनंद भगत उगली, शिव सनोडिया, सिवनी विधानसभा हेतु पूर्व विधायक रमेशचंद जैन, सुभाष बघेल केवलारी, केवलारी विधानसभा हेतु अतुलचंद मालू , हाजी सोहेल पाशा, लखनादौन विधानसभा हेतु विद्याधर बाबा तिवारी सिवनी, संजय बैस छपारा का समावेश है।

# धूमा की नगर-सेठानी माता महाकाली का भव्य विसर्जन चल समारोह आज

## मध्यभारत के विभिन्न क्षेत्रों से होंगी प्रस्तुतियां



धूमा। देवी पूजा के पर्व नवरात्रि में माता महाकाली की विशेष पूजा पाठ और मातारानी के आगमन से लेकर शरद पूर्णिमा को मूर्ति विसर्जन तक अपनी अनूठी कार्यशैली के लिए पूरे मध्यांचल में प्रसिद्ध महाकाली महोत्सव हर वर्ष ग्राम धूमा में मनाया जाता है जिसके चलते इस वर्ष भी मातारानी की विसर्जन यात्रा आज 06 अक्टूबर 2025 दिन सोमवार को भव्यता के साथ निकाला जा रहा है। जिसमें मध्यभारत के विभिन्न भागों से नए नए आयोजन इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए रखे गए हैं ।

गौरतलब है कि शीतला माई महाकाली महोत्सव समिति धूमा के द्वारा विगत कई वर्षों से माता महाकाली की भव्य प्रतिमा स्थापित की जाती है और उतनी ही श्रद्धा भक्ति के साथ मातारानी के भक्तों द्वारा जगह-जगह भंडारों के आयोजन के साथ रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों के साथ मातारानी की विसर्जन यात्रा निकाली जाती है । माता महाकाली की एक झलक देखने को पूरे प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से हज़ारों-लाखों की संख्या में माँ के भक्त इस कार्यक्रम में उपस्थित होते हैं और झूमते नाचते हुए माता को विदाई देते हैं।

शीतला माई महाकाली महोत्सव समिति धूमा के अध्यक्ष श्री मुकेश साहू जी ने बताया कि इस वर्ष की विसर्जन में छिंदवाड़ा से शिव तांडव नृत्य , रतलाम से अघोरी नृत्य , नरसिंहपुर से शानदार ढोल नगाड़े , मण्डला से आदिवासी लोकनृत्य , मध्यभारत के प्रसिद्ध आर्केस्ट्रा कलाकार , और माँ रेवा की आरती करने वाले विशिष्ट पुजारियों के द्वारा माता महाकाली की महाआरती के साथ विभिन्न अखाड़ों के साथ माता महाकाली की विसर्जन यात्रा निकाली जा रही है जिसमें माता के भक्तों द्वारा सुबह 7 बजे से लेकर देर रात तक जगह-जगह पर भंडारों का आयोजन किया गया है। शांति-सुरक्षा के पूरे इंतजाम के साथ पुलिस प्रशासन के द्वारा इस कार्यक्रम में विशेष निगरानी भी रखी जायेगी जिससे यह कार्यक्रम निर्बाध रूप से सम्पन्न किया जा सके। साथ ही समिति द्वारा मातारानी के सभी भक्तों से माँ महाकाली की विसर्जन यात्रा में अधिकाधिक संख्या में पहुँचने और सहयोगपूर्वक शांतिपूर्ण भाव के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील भी की है।

## आदेगांव में दुर्गा देवी माता की सोभा यात्रा बड़ी धूमधाम से निकली गई



### पूरे शहर में रहा श्रद्धालुओं का जनसेलाव

**हरिभूमि न्यूज़/ आदेगांव विमल चौबे।** सिवनी जिले की आदेगांव में आज माता रानी की प्रतिमा को संपूर्ण नगर में भ्रमण कराते हुए शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें बैंड बाजा के साथ बड़ी धूमधाम से नृत्य गायन किया गया. एवं झांकियां निकाली गई. एवं तत्पश्चात जलविहार के लिए तालाब में विसर्जन किया गया। संपूर्ण नगर के श्रद्धालुओं भक्तों के साथ-साथ तालाब में पुलिस प्रशासन की तैनाती रही। जिससे गोताखोरों की मदद से देवी की प्रतिमा को शांतिपूर्ण ढंग से विसर्जन किया गया मुख्य रूप से कार्यक्रम को सफल बनाने में आदेगांव थाना प्रभारी आशीष धुर्वे जी का साराहनीय योगदान रहा।

## गुण्डा बदमाशों पर डुण्डासिवनी पुलिस की सख्त कार्यवाही, दो चाकूबाज पहुंचे जेल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा गुण्डा बदमाशो पर सख्त कार्यवाही हेतू निर्देशित किया जाता रहा है। साथ जनता को भय मुक्त वातावरण हेतू प्रयत्नशील रहते है। जो इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं सी.एस.पी.सिवनी श्रीमति पूजा पाण्डे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी डूण्डासिवनी सतीश तिवारी द्वारा उक्त सूचनाओं को गंभीरता से लेते हुये पूर्व में भी गुण्डा बदमाशों पर सक्रियता से कार्यवाही की जाती रही है। दिनांक 04/10/2025 को थाना के गुण्डा बदमाश युवराज उर्फ बहादुर के विरुध्द प्रार्थी अतुल अवस्थी ने थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट लेख कराया कि रात को गुण्डा बदमाश युवराज उर्फ बाहदुर तेकाम एंव उसके एक साथी अभिषेक मडावी के व्दारा फोन कर 99 माल के पास बुलाकर गाली गलौच करते हुए पास रखे धारदार चाकू से जान से मारने की नीयत से प्राण घातक हमला कर दिया कि रिपोर्ट पर थाना डुण्डासिवनी मे अपराध क्रमांक 474/2025 धारा 109,296,115 (2), 118(1), 3 (5) बीएनएस पंजीबध्द कर विवेचना मे लेकर दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। माननीय न्यायालय व्दारा आदेशित करने पर दोनो आरोपियो को जिला जेल सिवनी में निरुध्द किया गया। गुण्डा बदमाश युवराज उर्फ बहादुर व्दारा एक वर्ष के जिला बदर आदेश का उल्लंघन करने पर थाना डूण्डासिवनी मे राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए अपराध क्रंमाक 476/2025 धारा 14 (ख) के तहत भी कार्यवाही की गयी। उल्लेखनीय है कि गुण्डा बदमाश युवराज पर थाना डुण्डासिवनी मे पूर्व से 11 अपराध पंजीबध्द है। गुण्डा बदमाश पर राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही की गयी है। गिरफ्तार आरोपीः- (1) युवराज उर्फ बाहदुर तेकाम उम्र 21 साल निवासी गोण्डी मोहल्ला डूण्डासिवनी थाना डूण्डासिवनी जिला सिवनी। (2) अभिषेक पिता

## राष्ट्रीय वयोश्री योजना अंतर्गत मूल्यांकन परीक्षण शिविर 6 से 10 अक्टूबर तक

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन में भारत सरकार की राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराने हेतु मूल्यांकन परीक्षण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

कलेक्टर श्रीमती पटले ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे अपने क्षेत्र के पात्र वरिष्ठ नागरिकों को परीक्षण शिविरों में अवश्य भेजें, ताकि अधिक से अधिक वरिष्ठजन योजना का लाभ प्राप्त कर सकें। शिविरों में पंजीयन के लिए आवासीय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं बीपीएल राशन कार्ड या मनरेगा जॉब कार्ड की छायाप्रति साथ लाना अनिवार्य होगा। इन शिविरों का आयोजन भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (ररुद्धरूष्टह्र) के सहयोग से किया जा रहा है।

**शिविर कार्यक्रम इस प्रकार रहेगा**

06 अक्टूबरःजनपद पंचायत लखनादौन, 07 अक्टूबरःजनपद पंचायत केवलारी, 08 अक्टूबरःजनपद पंचायत घंसौर, 09 अक्टूबरः जनपद पंचायत बरघाट, 10 अक्टूबरःस्मृति लॉन, बारापत्थर सिवनी। प्रभारी उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग श्री संदीप परते ने बताया कि राष्ट्रीय वयोश्री योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के वरिष्ठ नागरिकों को दैनिक जीवन में सहूलियत प्रदान करना है। शिविरों में विशेषज्ञ चिकित्सक दल द्वारा वरिष्ठ नागरिकों का परीक्षण कर आवश्यकता अनुसार उन्हें सहायक उपकरण जैसेवॉकर, छड़ी, बैसाखी, कृत्रिम दांत, दृष्टि चश्मा, श्रवण यंत्र और व्हीलचेयर आदि के लिए चिन्हांकित किया जाएगा। श्री परते ने कहा कि शिविरों में अधिक से अधिक वरिष्ठ नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित न रह सके।

# कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने किया सिविल अस्पताल लखनादौन का आकस्मिक निरीक्षण

### जिले की नवागत कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने रविवार को सिविल अस्पताल लखनादौन का आकस्मिक निरीक्षण किया।





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की साफ-सफाई, औषधि वितरण व्यवस्था, प्रसव कक्ष, ओपीडी, लैब तथा वार्डों का बारीकी से जायजा लिया। कलेक्टर श्रीमती पटले ने मरीजों से अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली और उपस्थित चिकित्सकों को मरीजों को समय पर बेहतर उपचार एवं आवश्यक दवाएँ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल में स्वच्छता, अनुशासन और व्यवस्था सर्वोच्च प्राथमिकता में रखी जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम रवि सिहाग, बीएमओ लखनादौन तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने अस्पताल प्रबंधन को निर्देशित किया कि आवश्यक दवाओं की उपलब्धता निरंतर बनी रहे, उपकरणों की नियमित जाँच की जाए तथा मरीजों की सुविधा के लिए साफ-सुथरा वातावरण बनाए रखा जाए।

### इधर, कलेक्टर ने लखनादौन के निर्माणाधीन कन्या शिक्षा परिसर का किया निरीक्षण

नवागत कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने रविवार को लखनादौन स्थित निर्माणाधीन कन्या शिक्षा परिसर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परिसर में जारी भवन निर्माण कार्यों की प्रगति, निर्माण सामग्री की गुणवत्ता तथा कार्यस्थल पर सुरक्षा व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया।

कलेक्टर ने निर्माण एजेंसी के अधिकारियों से कार्य की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली तथा कार्यों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह परिसर बालिकाओं के सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

कलेक्टर ने परिसर के प्रस्तावित शैक्षणिक भवन, छात्रावास, भोजनालय और खेल मैदान के निर्माण स्थलों का भी जायजा लिया। उन्होंने कहा कि छात्राओं के आवास और सुरक्षा से जुड़ी व्यवस्थाओं को प्राथमिकता दी जाए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम श्री रवि सिहाग तथा संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## दीक्षा भूमि में हुआ सिवनी के अमन कबीर के द्वारा लिखित महानाट्य संविधान का मंचन

### महाराष्ट्र सरकार के मंत्री ऐडवोकेट आशीष जायसवाल द्वारा प्रस्तुत नाटक में 120 कलाकारों ने किया अभिनय



02 अक्टूबर को गांधी जयंती और दशहरा के दिन नागपुर की दीक्षा भूमि में एक लाख से अधिक दर्शकों ने लाइट एंड साउंड ड्रामा संविधान का मंचन देखा जिसे सिवनी के युवा लेखक अमन कबीर ने लिखा। अमन कबीर द्वारा लिखित महानाट्य की प्रस्तुति महाराष्ट्र शासन के वित्त एवं योजना, कृषि ,राहत एवं पुनर्वास, कानून एवं न्यायपालिका, श्रम राज्य मंत्री एडवोकेट आशीष जायसवाल द्वारा प्रस्तुत महानाट्य संविधान का निर्देशन प्रख्यात नितिन दत्तात्रय बनसोड़ ने किया जिसमे संगीत-चतुरसेन, सेम ए आर,गीतकार प्रकाश माहुले आदम,नृत्य -पंकज ए पी रॉकर्स, सहयोग रंग निर्देशक राजेंद्र शुक्ला, फ़िल्म निर्देशक संजीव मोर के अलावा 120 कलाकारों ने शानदार प्रदर्शन किया। जिसमें प्रमुख भूमिका - अनिल पालकर, रवि पाटिल, स्वर्णा नालोड़े, मोनिका ठाकुर, समीर डंडारे, बशीर खान एवं अन्य रंगकर्मीयों की रही। अमन कबीर द्वारा लिखित संविधान की कहानी वर्ष 1935 से प्रारंभ होती हैं। जब अंग्रेज सरकार ने गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एक्ट बनाया था। साथ ही 26 जनवरी 1959 को आज़ाद भारत के मौलिक संविधान के लागू होने के दिन तक की यात्रा को नाट्य-रूप में संकलित किया गया है। संविधान के मंचन में अंग्रेजी हुकूमत के भारत छोडऩे के पहले की गहरी हताशा और व्यथा-कथा, मुस्लिम लीग की द्वीराष्ट्र की परिकल्पना, विभाजन की त्रासदी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की जद्दोजहद, बाबा साहब भीमराव आंबेडकर को संविधान निर्मात्री सभा का अध्यक्ष चुने जाने से लेकर, संविधान बनाने, उस बीच तार्किक अतार्किक बहसों के साथ-साथ बाबासाहब के व्यक्तिगत जीवन के विगत से लेकर वर्तमान तक के भोगे गए यथार्थ, धारा 370, पूना पैक्ट, हिंदू कोड बिल आदि पर हुई राजनीति जैसे अनेकानेक विषयों पर ऐतिहासिक आधार पर प्रकाश डाला गया। प्रस्तुत लाइट एंड साउंड महानाटक को जिसने भी देखा वह प्रशंसा किए बिना ना रहा। राज्य मंत्री एडवोकेट आशीष जायसवाल के प्रयासों से नागपुर की ऐतिहासिक दीक्षा भूमि में संविधान देखकर दर्शकों ने उनके प्रति भी आभार जताया।



किसानों का प्रतिनिधि मंडल ने गुलदस्ता से स्वागत किया नवगत कलेक्टर शीतला पटले
किसानों का प्रतिनिधि मंडल ने गुलदस्ता से स्वागत किया नवगत कलेक्टर शीतला पटले का किसान नेता हुकुमचंद सनोदिया गोवर्धन पटेल, अंकित जावरे, श्री राम सनोडिया नंदकिशोर सनोडिया, प्रगति सील बघेल और अन्य किसान गणों ने नये कलेक्टर से मिले।

## बच्चों की सुरक्षा को लेकर दवाओं पर तत्काल प्रतिबंध, रिटेल और होलसेल फार्मासिस्टों की बैठक लेकर दिये गए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिला कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशानुसार आज मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सिवनी ने गूगल मीट के माध्यम से जिले के सभी रिटेल और होलसेल फार्मासिस्टों के साथ बैठक आयोजित की। बैठक में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और मध्य प्रदेश फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के निर्देशों के अनुरूप फार्मासिस्टों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए।

बैठक में स्पष्ट किया गया कि छिंदवाड़ा जिले के परासिया क्षेत्र में कोल्ड्रिफ सिरप और नेस्ट्रो डी.एस. सस्पेंशन के सेवन से बच्चों में गंभीर स्वास्थ्य प्रभाव और मृत्यु की घटनाओं को ध्यान में रखते हुए सिवनी जिले में इन दवाओं के विक्रय, भंडारण और वितरण पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। इन दवाओं को तुरंत दुकानों से हटाकर संबंधित सप्लायर या डिस्ट्रिब्यूटर को लौटाना आवश्यक है और इसके संबंध में स्वास्थ्य कार्यालय को सूचना देना अनिवार्य है। इसके अलावा क्लोरफेनिरामाइन मलिएट 2 द्वद्द और फिनायलाफरीन हाइड्रोक्लोराइड 5 द्वद्द के संयोजन (एफडीसी ) के सभी उत्पादों का चार वर्ष से कम आयु के बच्चों में उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। इनका विक्रय केवल वैध रजिस्टर्ड मेडिकल प्रैक्टिशनर के पर्चे पर ही किया जा सकता है। कलेक्टर महोदया ने चेतावनी दी कि उपरोक्त निर्देशों का उल्लंघन करने पर औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 और औषधि नियमावली, 1945 के तहत कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### सोयाबीन उत्पादक किसानों को मिलेगा लाभ

# भावांतर योजना के सफल क्रियान्वयन को लेकर जनप्रतिनिधियों-प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत भावांतर भुगतान योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर रविवार को कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन, जनपद अध्यक्ष श्रीमती किरण भलावी, नगरपालिका अध्यक्ष श्री ज्ञानचंद सनोडिया सहित अन्य जनपदों के अध्यक्ष, कृषक प्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में योजना के सुचारू संचालन एवं किसानों को अधिकतम लाभ दिलाने हेतु विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में बताया कि भावांतर योजना अंतर्गत किसानों का ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन 3 अक्टूबर से प्रारंभ हो चुका है, जिसकी अंतिम तिथि 17 अक्टूबर निर्धारित है। जिले में गिरदावरी अनुसार सोयाबीन का रकबा 648 हेक्टेयर दर्ज किया गया है। किसानों की सुविधा हेतु सिवनी, पलारी एवं धुमा में तीन पंजीयन केंद्र बनाए गए हैं।

भावान्तर योजना के तहत भारत सरकार द्वारा घोषित समर्थन मूल्य 5328 रुपये प्रति क्विंटल के विरुद्ध राज्य सरकार किसानों को मंडी के मॉडल भाव/विक्रय मूल्य के अंतर की राशि प्रदान करेगी। किसान 24 अक्टूबर 25 से 15 जनवरी 2026 के बीच अपनी उपज मंडी में विक्रय कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

योजना के प्रभावी संचालन के लिए जिला एवं मंडी स्तर पर समितियां गठित की गई हैं। इसमें अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खंडायत को नोडल अधिकारी एवं उपसंचालक कृषि एस.के. धुर्वे को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

कलेक्टर श्रीमती पटले ने कहा कि भावांतर योजना किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे उन्हें उचित मूल्य की गारंटी प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि इस योजना का उद्देश्य किसानों को बाजार के उतार-चढ़ाव से संरक्षण देना और उनकी आय में स्थिरता लाना है।

उन्होंने जनप्रतिनिधियों, कृषक संगठनों एवं कृषि विभाग के अधिकारियों से आग्रह किया कि वे ग्रामीण स्तर तक इस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करें ताकि कोई भी पात्र किसान पंजीयन से वंचित न रहे। कलेक्टर ने यह भी कहा कि किसानों को मंडियों में उपज विक्रय के दौरान किसी प्रकार की कठिनाई न हो, इसके लिए प्रशासनिक अमला पूरी तत्परता से कार्य करे।

उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि पंजीयन केंद्रों पर किसानों को समुचित सहयोग मिले और योजना से जुड़ी सभी जानकारी पारदर्शी रूप से उपलब्ध कराई जाए।

## सिवनी विधानसभा के चार मंडलों की कार्यकारणी घोषित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष माननीय हेमंत खंडेलवाल के निर्देशानुसार एवं भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन की सहमति से सिवनी विधानसभा के चार मंडल क्रमशः सिवनी नगर उत्तर, सिवनी नगर दक्षिण, करकोटी एवं बंडोल मंडल अध्यक्षो ने अपनी मंडल कार्यकारणी घोषित की है। घोषित कार्यकारणी में पदाधिकारियों सहित कार्यसमिति में 61 सदस्यों का समावेश है । भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन ने मंडलों में नव नियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएँ देते हुये सभी से पद और पार्टी की गरिमा के अनुकूल जिम्मेदारी का सफल निर्वहन करने की अपेक्षा जताई है । मंडलों की घोषित कार्यसमिति निम्मनानुसार जारी की गयी है - भाजपा उत्तर नगर मंडल अध्यक्ष युवराज सिंह रांहगडाले ने अपनी मंडल कार्यसमिति में 6 उपाध्यक्ष क्रमशः रविशकर भागरे, राजेश पाल, श्रीमती अनुसुईया अनिल पटवा, आशीष टिंकू ठाकरे, पंकज भगत एवं मुकेश चंदेल को बनाया है तथा श्रीमती अंजू तेंलंग एवं रोहित पप्पी मेहरोलिया को बनाया है कार्यकारणी 6 मंत्री बनाये गये गये श्रीमती रामकुमारी बरमैया, श्रीमती नेहा सेन, राहुल सैनी, अखिलेश पाण्डे, असलम मिर्जा,एवं अंकित दुबे को मंत्री का दायित्व दिया गया है । कोषाध्यक्ष रूपेश गहलोद एवं पंकज ठाकुर को सह कोषाध्यक्ष, कार्यकारणी में श्रीमती शोभा संजय भलावी को कार्यालय मंत्री, राजेन्द्र यादव को सह कार्यालय मंत्री, महेन्द्र शेरू बघेल को मीडिया प्रभारी, अनिल डांभरे को सह मीडिया प्रभारी, सत्यम सूर्यवंशी को सोशल मीडिया संयोजक, सोशल मीडिया सह संयोजक वीरू तिवारी एवं निशंत डहाटे, आई टी सेल संयोजक रिषभपाल बघेल, मन की बात प्रमुख आशीष तुलसीराम नगपुरे एवं लाभार्थी प्रमुख जितेन्द्र को बनाया गया है । इसी के साथ मंडल कार्यकारणी सदस्य एवं अन्य समितियों का गठन किया गया है । सिवनी नगर दक्षिण मंडल कार्यकारणीः सिवनी नगर दक्षिण मंडल अध्यक्ष अभिषेक दुबे ने अपनी मंडल कार्यकारणी में राजा पराते (पूर्व पार्षद), नंदकिशोर चौरसिया (पापी),दिलीप गोस्वामी, ओम प्रकाश शर्मा (गोलू), सुनील साहू, सुशील कश्यप को उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है । राजेश राजू यादव एवं बादल बैन को महामंत्री का दायित्व दिया गया है । 6 मंत्री क्रमशः लवकेश त्रिवेदी (गब्बू), श्रीमति नीलिमा जंघेला, श्रीमती रागिनी कुंभारे, श्री रानू ठाकुर, श्रीमती अनिता कश्यप एवं संदीप मानाठाकुर को मंत्री पद पर नियुक्त किया है तथा दीपक बघेल को कोषाध्यक्ष बनाया गया है, श्रीमती गोविंदी रवि सैयाम कार्यालय मंत्री गजेन्द्र आवंले को सह कार्यालय मंत्री, हरिओम सोनी को मीडिया प्रभारी,हितेन्द्र साहू आई टी मंडल संयोजक, शुभम श्रीवास को सोशल मीडिया संयोजक, खुशाल मानाठाकुर को मन की बात का प्रभारी एवं अशोक बरमैया को लाभार्थी प्रमुख नियुक्त करने के साथ कार्यसमिति सदस्यों को कार्यकारणी में शामिल किया गया है । करकोटी मंडल अध्यक्ष रामजी चंद्रवंशी ने अपनी मंडल कार्यकारणी में श्रीमती सरोज पटेल, गोपाल बघेल, विनोद टेमरे, रामकिशोर यादव, अजय बघेल, विनीश दुबे को उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है । बसंत कटरे एवं योगेश उइके को महामंत्री का दायित्व दिया गया है । 6 मंत्री क्रमशः श्रीमती रजनी डहेरिया, श्रीमती प्रियंका शेरसिंह उइके, श्रीमती शारदा शिवनंदन चंद्रवंशी, दुर्गा प्रसाद तुरकर, मिथुन सनोडिया एवं हेमंत टेंमरे को मंत्री पद पर नियुक्त किया है तथा श्रीमती लक्ष्मी थान सिंह बघेल को कोषाध्यक्ष एवं श्री कन्हैया साहू को सह कोषाध्यक्ष बनाया गया है,नंदू यादव कार्यालय मंत्री एवं संजय गिरि गोस्वामी को सह कार्यालय मंत्री, मोनू यादव को मीडिया प्रभारी एवं करन भलावी को सह मीडिया प्रभारी शैलेन्द्र भारद्वाज को आई टी सैल संयोजक, पिंकी राय को सोशल मीडिया संयोजक एवं सह सोशल मीडिया संयोजक राहुल सेन, मन की बात प्रभारी सतीश यादव को एवं श्रीमती शीला भलावी को लाभार्थी प्रमुख बनाया गया हे । इसी के साथ कार्यसमिति सदस्यों को कार्यकारणी में शामिल किया गया है ।

हरिभूमि

# सतपुड़ा भूमि

10

जबलपुर, सोमवार 6 अक्टूबर 2025

login : www.haribhoomi.com

[ तिरोड़ी | बोनकटा | कंटगी | बैहर | वारासिवनी | हटा ]

### गौमांस एवं परिवहन हेतु प्रयुक्त होंडा कंपनी की एक्टिवा स्कूटी जप्त

## गौवंश मास के प्रकरण में 4 आरोपियों गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

थाना कोतवाली पुलिस ने गौवंश प्रतिषेध अधिनियम के अंतर्गत एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 20 किलोग्राम गौमांस एवं परिवहन में प्रयुक्त एक्टिवा स्कूटी को जप्त किया है। 03 अक्टूबर को थाना कोतवाली में पदस्थ प्रआर पोतनलाल चौधरी एफआरव्ही-02 में डायल 112 ड्यूटी पर थे। ड्यूटी के दौरान उन्हें सूचना प्राप्त हुई सरेखा रेलवे फ्लाईओवर ब्रिज के पास एक व्यक्ति सफेद रंग की एक्टिवा वाहन क्रमांक MP50 ZB 6524 से गौमांस लिये खड़ा है। सूचना पर कोतवाली पुलिस रवाना हुई एवं संदेही व्यक्ति को पकड़ा गया। पूछताछ पर आरोपी ने अपना नाम सलमान शेख बताया। आरोपी के कब्जे से मौके पर कुल 20 पन्नियों में 20 किलोग्राम गौमांस एवं



परिवहन हेतु प्रयुक्त होंडा कंपनी की एक्टिवा स्कूटी जप्त किया गया। जप्त शुदा गौमांस का पशु चिकित्सक से परीक्षण कराकर नमूना सीलबंद कराया गया। आरोपी ने पूछताछ पर अपने तीन साथियों के नाम बताये जिनके द्वारा आरोपी को अपराध को लिए दुष्प्रेरित करना स्वीकार किया गया आरोपियों के विरूद्ध अप.क्र. 598/2025 धारा 5/9, 4/11 मध्यप्रदेश गौ वंश वध प्रतिषेध अधिनियम 2004 अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया गया। आरोपी मोहसीन खान पिता हनीफ खान उम्र 38 वर्ष निवासी लालबर्रा जिला बालाघाट, समीर हाजमी पिता बब्बू हाजमी उम्र- 43 वर्ष निवासी लालबर्रा जिला बालाघाट, जुबेर खान पिता इंसान भाई उम्र- 32 वर्ष निवासी ग्राम अमोली थाना लालबर्रा जिला बालाघाट को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है। प्रकरण का आरोपी हैदरअली निवासी चंगेरा थाना रावणवाड़ी जिला गोंदिया (महाराष्ट्र) को घर पर तलाश किया गया जो नही मिला है, जिसकी तलाश जारी है। गिरफ्तार आरोपी में सलमान शेख पिता अब्दुल अजीम उम्र- 54 वर्ष निवासी थाना वारासिवनीमोहसीन खान पिता हनीफ खान उम्र 38 वर्ष निवासी लालबर्रा समीर हाजमी पिता बब्बू हाजमी उम्र- 43 वर्ष निवासी लालबर्रा जुबेर खान पिता इंसान भाई उम्र- 32 वर्ष निवासी ग्राम अमोली थाना लालबर्रा सभी जिला बालाघाट के रहने वाले हैं।

### विसर्जन शोभायात्रा में झांकियो ने मोहा मन, भक्तों ने खुशी-खुशी दी मां को विदाई

## देररात्रि तक चला दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।





शारदेय नवरात्र के समापन के साथ ही विजयादशमी से प्रारंभ हुए जिले में दुर्गा प्रतिमा के विसर्जन का सिलसिला, गत रात्रि तक चलता रहा। शहर के दो प्रमुख जगहो की दुर्गा प्रतिमाओ के विसर्जन की शोभायात्रा निकाली गई। जनजागृति और विंध्यवासिनी दुर्गोत्सव समिति द्वारा विराजित की गई दुर्गा प्रतिमाओं को खुशी-खुशी भक्तों ने विदा किया। सायंकाल 7 बजे से प्रारंभ शोभायात्रा में भगवान शिव के साथ नन्ही बच्चियों ने माता पार्वती का रूप धारण किया था। जिन झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। इसके अलावा चलित झांकी में भालुओं के साथ लोगो ने देवीभक्ति गीतों पर नृत्य कर मां को विदाई दी। तकरीबन 4 घंटे तक चले विसर्जन शोभायात्रा के बाद मां की प्रतिमा को वैनगंगा नदी में क्रेन की मदद से विसर्जित किया गया। इस विसर्जन शोभायात्रा में नगरपालिका अध्यक्ष भारती ठाकुर, विहिप अध्यक्ष यज्ञेश लालु चावड़ा, समाजसेवी संजीव भाऊ अग्रवाल, मीना चावड़ा, सुशील ठाकुर, वीरू सूर्यवंशी सहित बड़ी संख्या में भक्त मौजूद थे।आपको बताते चले कि नगर में तकरीबन दो दर्जन से ज्यादा स्थानों पर दुर्गा प्रतिमाओं को विराजित किया गया था। शारदेय नवरात्र के नौ दिनों तक मां की आराधना और उपासना के की गई और विजयादशमी से विराजित की गई प्रतिमाओ के विसर्जन का सिलसिला प्रारंभ हो गया था। जो गत रात्रि तक चला। दुर्गा प्रतिमाओ के विसर्जन के चलते, वैनगंगा नदी में प्रशासनिक अमले के साथ पुलिस और नगरपालिका के कर्मी भी मौजूद रहे और क्रेन की मदद से मां की प्रतिमाओं का विसर्जन किया।

## ड्रग विभाग ने श्रीसन फार्मास्युटिकल्स कंपनी की दवाओं पर लगया प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।




बालाघाट में ड्रग विभाग ने श्रीसन फार्मास्युटिकल्स कंपनी की सभी दवाओं पर प्रतिबंध लगा दिया है। यह निर्णय छिंदवाड़ा में कोल्डारिफ कफ सिरप से 10 से ज्यादा बच्चों की मौत के बाद कंपनी के अन्य उत्पादों की गुणवत्ता पर उठे सवालों के बाद लिया गया है।

ड्रग इंस्पेक्टर जय प्रकाश ने बताया कि बालाघाट में पिछले एक साल से कोल्डारिफ कफ सिरप की खरीद नहीं की गई थी, लेकिन कंपनी के अन्य प्रोडक्ट जैसे प्रोनिट सिरप, प्रोनिट लैक कैप्सूल, प्रोनिट पाउडर और बच्चों का प्रोनिट ड्रॉप जिले में बेचे जा रहे थे। इन उत्पादों की बिक्री पर भी अब रोक लगा दी गई है।

ड्रग विभाग के पास फिलहाल इस बारे में सटीक जानकारी नहीं है कि जिले के चार होलसेलरों और खुदरा विक्रेताओं के पास कंपनी की दवाओं का कितना स्टॉक है। इसलिए विभाग ने दवा बेचने वालों के साथ-साथ जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन को स्टॉक की जानकारी देने को कहा है।

### दुर्गाउत्सव समितियों को किया जायेगा सम्मान

## आज राष्ट्रभक्ति की उमंग के साथ भारत माता की प्रतिमा का अनावरण

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



नगर पालिका परिषद बालाघाट के तत्वावधान में शहर के काली पुतली चौक के समीप सुभाष उद्यान में राष्ट्रप्रेम के जज्बे के भाव को लेकर भारत माता की उभय प्रतिमा की स्थापना की जा रही है। 6 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा, महर्षि वाल्मिकी जयंती एवं रानी दुर्गावति जयंती के अवसर पर समारोहपूर्वक आयोजन होगा जिसमें देश के ख्यातिप्राप्त राष्ट्र उद्बोधक एवं जनप्रतिनिधियों,सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों एवं गणमान्य जनों की उपस्थिति रहेगी। नपाध्यक्ष भारती सुरजीतसिंह ठाकुर ने देशप्रेम के भाव को जागृत बनाये रखने इस प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में उपस्थिति का आग्रह किया है। शहर के काली पुतली चौक के समीप सुभाष उद्यान में 6 अक्टूबर को शाम 04 बजे बजे समारोहपूर्वक आयोजन में स्थापित की जाने वाली भारत माता की प्रतिमा का 25 सितंबर को विशाल रैली निकालकर नगर दर्शन कराया गया था। यात्रा में जीवंत झांकियों का समावेश देश की सांस्कृतिक एवं धार्मिक सभ्यता से परिचय कराने वाला था। जीवंत झांकियों ने लोगों को मंत्रमुग्ध किया वहीं नगर भ्रमण करने के उपरांत भारत माता की प्रतिमा को अनावरण स्थल पर सम्मानपूर्वक रखा गया था। 6 अक्टूबर को भारत माता की प्रतिमा का भव्य अनावरण किया जायेगा। जिसमें देश-प्रदेश से ओजस्वी राष्ट्रभक्त वक्ताओं का आगमन होने जा रहा है। उसी प्रकार देश के जानेमाने आध्यात्मिक पत्रकार और प्रेरक वक्ता गौतम खट्टर का भी 6 अक्टूबर को इस अनावरण समारोह में आगमन होने जा रहा है। श्री खट्टर द्वारा राष्ट्र निर्माण, आध्यात्मिकता और पश्चिमी संस्कृति के प्रभाव जैसे अनगिनत विषयों के संदर्भ और आयामों पर बात कर अपनी विशिष्ट छवि बनाई है। ऐसे ओजस्वी उद्बोधक को सुनने का अवसर बालाघाट में भी मिलने जा रहा है। नपाध्यक्ष भारती सुरजीतसिंह ठाकुर ने भारत माता की प्रतिमा के भव्य अनावरण कार्यक्रम में नगरवासियों से उपस्थिति की अपील की है।

## बाइक के ऊपर कूदा बंदर, भाजपा नेता का पैर टूटा

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



बिरसोला से कोहका मुख्य सड़क मार्ग पर बाइक के ऊपर बंदर के कूदने से भाजपा नेता डॉ प्रकाश देशमुख का पैर टूट गया है. रविवार की सुबह करीब 10 बजे वह अपनी बाइक से कटंगी की तरफ आ रहे थे. इसी दौरान यह सड़क हादसा हुआ. हादसे के बाद प्रकाश देशमुख ने बिरसोला निवासी अपने मित्र विशेष बिसेन को दूरभाष पर सड़क हादसे की सूचना दी और उन्हें घटनास्थल पर बुलाया. विशेष बिसेन अपने निजी वाहन से डॉ प्रकाश देशमुख को सरकारी अस्पताल कटंगी लेकर पहुंचे. जहां डॉ पंकज दुबे ने प्रकाश देशमुख को प्राथमिक उपचार दिया और रेफर कर दिया. प्रकाश देशमुख को बेहतर उपचार के लिए सरकारी वाहन से नागपुर रेफर किया गया. प्रकाश देशमुख के सड़क हादसे की सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में लोग सरकारी अस्पताल पहुंचे थे. गौरतलब हो कि काफी लंबे समय से बंदरों के उत्पात की घटनाएं सामने आ रही है. बीते कुछ समय से बंदरों के वाहनों पर कूदने से सड़क हादसों की घटनाओं में तेजी से इजाफा हुआ है. वन्य प्राणी जंगल छोड़कर खेतों और इंसानी बस्तियों को अपना आवास बना रहे है।

## जिले के 200 युवाओं को टाटा इलेक्ट्रॉनिक एवं टाटा मोटर्स में जाब के लिए बैंगलोर एवं अहमदाबाद रवाना किया गया

### एप्पल कंपनी के लिए मोबाइल बनाएंगी बालाघाट की बेटियां

**बालाघाट।** बालाघाट जिले के नक्सल प्रभावित एवं ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को देश की प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार दिलाने के लिए बालाघाट जिला प्रशासन के प्रयासों से 3700 से अधिक युवाओं का चयन किया गया है। इनमें से 200 युवाओं को प्रथम चरण में 05 अक्टूबर को टाटा इलेक्ट्रॉनिक में जॉब के लिए बैंगलोर एवं टाटा मोटर्स में जॉब के लिए अहमदाबाद रवाना किया गया । इन युवाओं को सांदीपनि विद्यालय बालाघाट से बसों के द्वारा नागपुर भेजा गया है और वहां से इन युवाओं का ट्रेन से रिजर्वेशन कराया गया है । जाब के लिए रवाना होने वाले युवाओं और उनके परिजनों के चेहरे पर खुशियां झलक रही थी और वे बहुत खुश थे।

इस अवसर पर संदीपनी विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मध्य प्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह, सांसद श्रीमती भारती पारधी, मध्य प्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग की सदस्य श्रीमती मौसम बिसेन वर्चुअली शामिल हुए। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री श्री गौरीशंकर बिसेन, कलेक्टर श्री मृणाल मीना, जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक सराफ, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती ठाकुर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्री रमेश रंगलानी, श्रीमती लता एलकर, श्री सत्यनारायण अग्रवाल, सहायक कलेक्टर श्री आकाश अग्रवाल, एसडीएम श्री गोपाल सोनी, श्री आशिष मिश्रा, श्री तपेश असाटी, श्री देवेन्द्र चंदेल, उद्योग एवं आईटीआई के अधिकारी, जाब के लिए जाने वाले युवा एवं उनके परिजन उपस्थित थे।

प्रभारी मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने इस अवसर पर युवाओं को प्रतिष्ठित कंपनियों में जॉब दिलाने के लिए बालाघाट जिला प्रशासन द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इससे युवाओं का भविष्य संवरेगा और उन्हें आगे बढ़ने के लिए एक प्लेटफार्म मिला है।

## विधानसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव महिला/पुरुष वर्ग 8 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक

**बालाघाट।** सांसद खेल महोत्सव 2025 विधानसभा बालाघाट लालबर्रा के अंतर्गत बालाघाट में 09 खेलों का ट्रॉयल चयन आयोजित होंगे। विधानसभा बालाघाट के अंतर्गत जिला मुख्यालय मुलना स्टेडियम बालाघाट में 08 अक्टूबर को फुटबॉल, हॉकी ,कराते। 09 अक्टूबर को कुश्ती,वॉलीबॉल,बैडमिंटन। 10 अक्टूबर को एथलेटिक्स में(100 मी, 200मी, 1500 मी, शॉटपुट), शतरंज,रस्साकसी खेलों का ट्रॉयल चयन खेल प्रतियोगिता। एवं 14 अक्टूबर को उत्कृष्ट विद्यालय खेल मैदान लालबर्रा में विधानसभा स्तरीय कबड्डी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों को विधानसभा बालाघाट लालबर्रा का निवासी होना चाहिए,आयु सीमा 15 से 35 (01/01/1991 से 31/12/2010) वर्ष के बीच होना आवश्यक है। एक खिलाड़ी एक ही खेल में चयनित होगा,सभी खेल महिला और पुरुष दोनों वर्गों में आयोजित होगे।

## स्वच्छता पखवाडा का सफाई अभियान चलाकर नगरपालिका ने किया समापन

### 15 दिनों तक किए गए विविध आयोजन

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

नगरपालिका परिषद वारासिवनी द्वारा स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के तहत दिनांक 17 सितम्बर से 2 अक्टूम्बर 2025 तक स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 का संचालन स्वच्छता सेवा पखवाड़ा अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर किया गया। जिसका समापन 2 अक्टूबर गांधी जयंती को स्वच्छ भारत दिवस के रूप में स्वच्छता अभियान चला कर किया गया।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी सूर्यप्रकाश उके द्वारा बताया गया कि स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत निकाय द्वारा प्रतिदिन स्वच्छता आधारित एवं सेवा पखवाड़ा के कैलेण्डर अनुसार विभिन्न गतिविधियां नगर में आयोजित की गई। जिसमें प्रमुख रूप से स्वच्छता लक्षित ईकाईयों का चिन्हांकन एवं रूपांतरण, स्वच्छता रैली, स्वच्छता श्रमदान, घाटों की सफाई, सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध पर जागरूकता, जुर्माना अधिरोपण, रंगोली प्रतियोगिता, क्लीन ग्रीन उत्सव, सफाई मित्र स्वास्थ्य शिविर, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़े जाने शिविर, लोक कल्याण मेला, पीएम स्वनिधि शिविर, रक्तदान शिविर, स्वच्छ स्ट्रीट फुड प्रतियोगिता, स्वच्छता शपथ, कचरा पृथक्कीकरण पर वार्ड मोहल्ला सभा गतिविधियों के साथ साथ अंगीकार अभियान तथा नशामुक्ति अभियान अंतर्गत जनजागरूकता कार्यक्रमों का संचालन विभिन्न जनप्रतिनिधियों, सामाजिक स्वयंसेवी संगठन, एनजीओ एवं नागरिकगण व नगर पालिका कर्मचारियों तथा विद्यालय, स्वास्थ्य विभाग की सहभागिता एवं सहयोग से 17 सितम्बर से निरंतर 1 अक्टूम्बर तक किया जाकर समापन कार्यक्रम 2 अक्टूम्बर 2025 को गांधी जयंती अवसर पर किया गया है।




मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री उके द्वारा ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 का समापन स्वच्छ भारत दिवस के रूप में मनाया गया। जिसमें स्थानीय गांधी चौक, दुर्गा जी के पण्डाल, नेहरू चौक, बस स्टैण्ड परिसर एवं गांधी बाल उद्यान में स्वच्छता श्रमदान किया गया। यह स्वच्छता श्रमदान सुबह साढ़े 8 बजे से प्रारंभ हुआ। जिसमें निकाय से जनप्रतिनिधिगण, सामाजिक स्वयंसेवी संगठन, नागरिकगण, एनजीओ, नगरपालिका अधिकारी/कर्मचारी, सफाई मित्र स्वच्छता कर्मचारियों द्वारा निकाय से प्रभात रैली निकाली गई। यह सभी लोग नगर के प्रमुख चौक, चौराहे, व्यवसायिक क्षेत्र में स्वच्छता श्रमदान करते हुए गांधी बाल उद्यान पहुँचे। जहां स्वच्छता श्रमदान के साथ महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर स्वच्छता एवं नशामुक्ति की शपथ ली गई।

## युवक को आया अटैक, मौत

**बालाघाट।** बालाघाट के हट्टा थाना क्षेत्र के गोदरी गांव में रविवार को मंगल पिता फागु बाहेश्वर (35) की हार्ट अटैक से मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया है कि मंगल की मौत बल्कि मानसिक तनाव के कारण हुई है। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। मंगल के भाई पेंढारी पाटिल ने बताया कि मंगल ने गांव के ही लक्ष्मण डोंगरे से अपनी जमीन का सौदा किया था। सौदे के बयाने के तौर पर मंगल ने छह महीने पहले लक्ष्मण से एक लाख रुपए लिए थे। लक्ष्मण डोंगरे ने जमीन लेने के बजाय 10 प्रतिशत ब्याज के साथ राशि वापस मांगी। पेंढारी ने बताया कि मंगल ने किसी और से पैसे लेकर लक्ष्मण को 1.5 लाख रुपये चुका दिए थे। इसके बाद भी लक्ष्मण उस पर ब्याज के अतिरिक्त 30 हजार रुपये देने का दबाव बना रहा था। उसने समाज को भी इसकी जानकारी दी और बैठक में मंगल पर बची हुई राशि चुकाने का दबाव बनाया गया। पिछले दिनों माइक से भी कर्ज की राशि जमा करने की घोषणा की गई, जिससे मंगल कथित तौर पर मानसिक तनाव में आ गया।

पेंढारी ने बताया कि घटना के समय मंगल की मां बेटी के इलाज के लिए बाहर गई हुई थीं और पत्नी काम के सिलसिले में पुणे में थी। मंगल घर में अकेला था। रविवार को जब मंगल घर से बाहर नहीं आया, तो परिजनों और पड़ोसियों ने आवाज दी। कोई जवाब न मिलने पर दरवाजा खोला गया, तो मंगल का शव पलंग पर पड़ा मिला।पुलिस ने जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया और शव परिजनों को सौंप दिया।

## खदान और फेरो प्लांट में आउटसोर्स की निविदा पर लगी रोक-खुरसैल

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



मायॅल जनशक्ति मजदूर संघ राष्ट्रीय अध्यक्ष रामकृपाल खुरसैल ने प्रेस नोट जारी कर जानकारी देते हुए बताया कि मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र की खदानों में खनन कार्यों के आउटसोर्सिंग के साथ-साथ फेरो मैंगनीज प्लांट के संचालन के संबंध में प्रकाशित निविदा पर श्रम एवं रोजगार मंत्रालय मुख्य श्रम आयुक्त ने रोक लगा दी है. रामकृपाल खुरसेल ने बताया कि मुंबई उच्च न्यायालय की नागपुर खंडपीठ ने मॉयल लिमिटेड द्वारा जारी ठेका श्रमिक निविदा (आउटसोर्सिंग) के खिलाफ दायर याचिका पर मायॅल और अन्य प्रतिवादियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर 10 दिसंबर तक अपना जवाब पेश करने का आदेश दिया है. मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति अनिल किलोर और न्यायमूर्ति रजनीश व्यास के समक्ष हुई. 1993 में, भारत सरकार ने ठेका श्रमिक (विनियमन एवं निषेध) अधिनियम, 1970 की धारा 10 के अंतर्गत देश की सभी मैंगनीज खदानों में ठेके के आधार पर स्थाई और नियमित श्रमिकों की नियुक्ति पर प्रतिबंध लगा दिया था और ये प्रतिबंध आज भी लागू हैं. हालांकि, मॉयल लिमिटेड, नागपुर ने इस प्रतिबंध का पूर्ण उल्लंघन करते हुए, मध्य प्रदेश के विदर्भ में अपनी 10 मैंगनीज खदानों में से 5 में खदान संचालकों की नियुक्ति के साथ-साथ पूरे संयंत्र के संचालन के लिए 16 सितंबर 2025 को एक ई-निविदा जारी की. यह निविदा पूरी तरह से अवैध है और केंद्र यह 23 मार्च 1993 के सरकारी राजपत्र और अधिनियम की धारा 10 और 31 का उल्लंघन है. यह मामला एक गंभीर अपराध है और कानूनी कार्रवाई के अधीन है. अप्रैल 2024 में, मॉयल लिमिटेड ने इस प्रतिबंध में राहत देने के लिए केंद्र सरकार को एक प्रस्ताव भेजा था. उसके बाद, केंद्रीय सलाहकार बोर्ड ने काम का निरीक्षण किया और संबंधित संघ के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की. हालांकि, केंद्र सरकार से अभी तक कोई आधिकारिक छूट या निर्णय नहीं मिला है. इस पृष्ठभूमि के खिलाफ, संबंधित श्रमिक संघ ने विवादास्पद ई-टेंडर के कारण एक याचिका दायर की है. सुनवाई के दौरान, उच्च न्यायालय ने मॉयल लिमिटेड को आगे कोई कार्रवाई नहीं करने का मौखिक आदेश दिया और सभी प्रतिवादियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है. इस मामले की अगली सुनवाई 10 दिसंबर को होगी।

## वर्दीधारी और सादे पकड़े पहने कुछ लोगों ने आदिवासी के घर में घुसकर फेंका सामान

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

कथित तौर पर अवैध शराब ब्रिकी के संदेह पर एक वर्दीधारी और सादे कपड़े पहने करीब 05 से 06 लोगों ने एक आदिवासी के घर में घुसकर घर का सामान यहां-वहां फेंक दिया. इतना ही नहीं इन लोगों ने आदिवासी महिला को डराया-धमकाया भी है. यह पूरी वारदात कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम चम्बुटोला में शनिवार 04 अक्टूबर की शाम की है. रविवार को पीड़ति महिला तारन बाई परते और उनके पुत्र धर्मेंद्र परते ने पूरी घटना की जानकारी दी है. तारन बाई बताती है कि शनिवार की शाम करीब आधा दर्जन लोग उनके बेटे धर्मेंद्र के घर पर आए जिसमें एक व्यक्ति ने पुलिस के जैसे वर्दी पहनी थी बाकि लोग सादे कपड़े में थे. यह लोग घर के अंदर घुसे और घर का सामान यहां-वहां फेंकने लगे. जब उन्हें ऐसा करने से रोका तो उन्होंने कहा कि तेरा बेटा शराब बेचता है बता उसे कहा छिपाई है. तारन बाई कहती है कि उनके चार पुत्र है बड़ा बेटा शराब पीने का आदि है लेकिन शराब नहीं बेचता. बावजूद इसके अज्ञात लोगों ने घर में घुसकर सामान फेंका और डराया-धमकाया।



तारन बाई बताती है कि उनका बड़ा बेटा खेलेन्द्र और सबसे छोटा बेटा धमेन्द्र दो अलग-अलग हिस्सों में बने एक ही मकान में रहते है. उनका दूसरे नंबर का बेटा बाहर नौकरी करता है तीसरे नंबर का बेटा गांव में उनके घर के पास ही रहता है. अभी नवरात्रि के दौरान खेलेन्द्र और धर्मेंद्र जिस मकान में रहते है उस पैतृक मकान में कलश की स्थापना की गई थी. जिसके चलते पूरा परिवार वहीं रह रहा था. पर्व समाप्ति के बाद धर्मेंद्र के कमरे में रखा सामान वह गांव में ही बने अपने दूसरे मकान में लेकर जा रही थी इस दौरान अज्ञात लोग धर्मेंद्र के कमरे में घुस गए और सामान फेंकने लगे और जब उन लोगों को ऐसा करने से रोका तो डराया-धमकाया. इस पूरी वारदात की जानकारी तारन बाई ने शाम को अपने पुत्र धर्मेन्द्र को दी जो कटंगी में निवास करते है. ऐसे में धर्मेन्द्र ने आबकारी विभाग जहां उनकी थोड़ी जान पहचान है वहां पता करवाया तो पता चला कि आबकारी विभाग ने ऐसी कोई कार्रवाई नहीं की. जिसके बाद अब सवाल यह खड़ा हो रहा है कि आखिरकार उनके घर में जबरन घुसकर कौन सामान फेंक रहा था. धमेन्द्र ने कहा कि वह पुलिस में इसकी शिकायत करेंगे।

बता दें कि चम्बूटोला निवासी धर्मेंद्र परते कटंगी में किराए का मकान लेकर निवास करते है. वह कटंगी में ऑनलाइन सेंटर चलाते है कभी-कभार ही अपने घर चम्बूटोला जाते है नवरात्रि पर्व समाप्ति के बाद वह कटंगी आ गए थे. उनके कमरे में कुछ सामान रखा था जो उनकी मां दूसरे मकान में लेकर जा रही थी इस दौरान जब वह घर पर नहीं थी तब कुछ लोग उनके घर में घुस गए और सामान यहां वहां फेंकने लगे. धर्मेन्द्र ने बताया कि इस तरह की गुंडी-गर्दी से परिवार और गांव में भय का माहौल बना हुआ है. उन्होंने कहा कि वह पुलिस में शिकायत करेंगे।